been some reduction in the total manpower.

(c) Steps proposed to be taken to maximize earnings include intensifying ticket checking activities on the Railways to plug revenue leakages, increase goods loading to meet the growing market demand, leasing of SLRs to increase parcel loading and concentrate on newer areas like commercial publicity.

### निःशुल्क रेल यात्रा पास

1227. **प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेल मंत्रालय द्वारा कितने व्यक्तियों को निःशुल्क रेलवे पास उपलब्ध कराए गए हैं;

(ख) रेल मंत्रियों द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में अपनी विवेकाधीन शक्तियों से ऐसे कितने पास जारी किए गए हैं;

(ग) संसद सदस्यों के अलावा व्यक्तियों की ऐसी कौन-कौन सी श्रेणियां हैं जिन्हें निःशुल्क पास जारी किए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार मंत्रियों द्वारा उनके विवेकाधीन कोटे से जारी किए जाने वाले ऐसे पासों की संख्या को घटाने पर विचार करेगी?

**रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान):** (क) (I) 1.6.97 तक जारी किए गए मानार्थ कार्ड पास-38,886 (स्वतंत्रता सेनानियों को जारी किए गए पासों सहित)

(II) 1.6.97 तक जारी किए गए मानार्थ चैक पास-7362 (18422 व्यक्तियों को कवर करते हुए)

| (ख) वर्ष | रेल मंत्री के स्वविवेक के अंतर्गत जारी मानार्थ कार्ड पास | रेल मंत्री/रेल राज्य मंत्री के स्वविवेक के अंतर्गत जारी मानार्थ चैक पास |
|---|---|---|
| 1993 | 263 | 2666 |
| 1994 | 171 | 2600 |
| 1995 | 398 | 3273 |
| 1996 | 423 | 6161 |
| 1997 | 148 | 3143 (24 जुलाई 97 तक) |

(ग) मानार्थ कार्ड/चैक पासों के लिए पात्र व्यक्तियों की कोटियां

| क्र॰सं॰ | कार्ड पास |
|---|---|
| 1. | स्वतंत्रता सेनानी (गृह मंत्रालय द्वारा लागत वहन की जाती है) |
| 2. | भूतपूर्व रेल मंत्री/रेल राज्य मंत्री/रेल उप मंत्री |
| 3. | भूतपूर्व संसद सदस्य |
| 4. | अर्जुन पुरस्कार विजेता, ओलम्पिक पदक विजेता, एशियाई तथा राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता. |
| 5. | वीरता पुरस्कार (रक्षा) के चक्र सीरीज के पदकधारी. |
| 6. | बहादुरी के लिए राष्ट्रपति पदक विजेता तथा पुलिस पदक विजेता (पुलिस) |
| 7. | भारत के राष्ट्रीय खेल संघों, भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन तथा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक एसोसिएशन से संबद्ध राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष/सचिव. |
| 8. | रेल मंत्री के विवेक पर प्रतिष्ठित व्यक्ति तथा सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, खेलकूद तथा कल्याण गतिविधियों से जुड़े संगठन. |

चेक पास

9. लाइसेंसधारी भारिकों को चेक पास.

10. रेल मंत्री/रेल राज्य मंत्री के स्वविवेक पर चेक पास.

(घ) प्रत्येक मामले के गुणावगुण के आधार पर स्वविवेक की शक्तियों का सावधानी पूर्वक उपयोग किया जाता है।

**Concessional Travel Facility for artists**

1228. SHRI M. A. BABY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government are considering provision of concessional travel facility for artists available up to first class to be modified for including AC-2 tier and AC-3 tier and also in view of the fact that many senior and renowned musicians find it difficult to travel in long distance during the acute summer; and

(b) if so, by when the formalities would be completed for issuing orders?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI RAM VILAS PASWAN): (a) No. Sir.

(b) Does not arise.

**Stoppage Time of Shatabdi Express at Chandigarh**

1229. SHRI NAGENDRA NATH OJHA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the maximum passenger traffic of shatabdi Express Trains is from Chandigarh; and

(b) if so, what are the reasons for reducing stoppage timings of the above train from 15 minutes to 8 minutes at this station?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI RAM VILAS PASWAN): (a) Yes. Sir.

(b) From August' 97 Time table, the duration of stoppage of 2005 Kalka Shatabdi Express at Chandigarh is being increased from 6 to 8 minutes. Stoppage of Kalka Shatabdi Express at Chandigarh from 8 minutes in both the directions is considered adequate for entraining/ detraining of passengers.

रेलवे का विद्युतीकरण किया जाना

1230. **श्री राम जेठमलानी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा रेलवे के विद्युतीकरण की एक विस्तृत योजना बनाई गयी है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा रेलवे के वर्तमान नेटवर्क के कितने प्रतिशत खण्ड का विद्युतीकरण करने का निश्चय किया जाना है;

(ग) क्या इस विद्युतीकरण के लिए कोई समयबद्ध योजना बनायी गयी है;

(घ) यदि हां, तो विद्युतीकरण के विस्तार का वार्षिक लक्ष्य क्या है;

(ङ) क्या रेलवे के विद्युतीकरण के कारण रेलगाड़ियों को चलाने पर आने वाले व्यय के कम होने की संभावना है; और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में अनुमानित व्यय कितना है?

रेल मंत्री (**श्री राम विलास पासवान**): (क) जी हां।

(ख) और (ग) नौवीं योजना के दौरान 2300 मार्ग किलोमीटर को विद्युतीकृत करने की योजना है जो देश के कुल नेटवर्क का 3.66% है।

(घ) नौवीं योजना के दौरान विद्युतीकरण का वार्षिक लक्ष्य इस प्रकार है।

| | |
|---|---|
| 1997-98 | 500 कि०मी० |
| 1998-99 | 450 कि०मी० |
| 1999-2000 | 450 कि०मी० |
| 2000-2001 | 450 कि०मी० |
| 2001-2002 | 450 कि०मी० |

(ङ) और (च) जी हां। वर्ष 1994-95 के लिए बड़ी लाइन पर प्रति 1000 सकल टन किमी